>

Title: Need to set up adequate number of schools with class I to class XII in the country.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों को शिक्षा अध्ययन हेतु ऐसे विद्यालय बड़ी संख्या में स्थापित किए गए हैं, जो कक्षा 1 से कक्षा 5 व कक्षा 6 से कक्षा 8 और कक्षा 6 से कक्षा 10 तक हैं। विशेषतः बड़े शहरों में बच्चों को स्कूल में प्रवेश मिलने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। लेकिन, उस समय और भी अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, जब बच्चे को कक्षा 6 में प्रवेश तो मिल जाता है, मगर वह स्कूल कक्षा 8 तक होता है। उस बच्चे को कक्षा 8 उत्तीर्ण करने के बाद पुनः दूसरे स्कूल में प्रवेश लेना पड़ता है और उस समय और भी विकट परिस्थिति सामने आती है, जब कि उसको ऐसे स्कूल में प्रवेश मिलता है, जो कक्षा 10 तक है। उस बच्चे को कक्षा 10 उत्तीर्ण करने के बाद पुनः किसी दूसरे स्कूल में प्रवेश लेकर 11वीं व 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी पड़ती है। ऐसी स्थिति में बच्चों व उनके माता-पिता को मानसिक पीड़ा पहुंचना स्वाभाविक है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह विद्यार्थियों को शिक्षा अध्ययन हेतु कक्षा 1 से 12 अथवा कक्षा 6 से 12 तक स्कूलों की स्थापना किए जाने हेतु प्रावधान बनाने का कष्ट करें।